

**शिक्षक के लिए**– शिक्षक सभी बच्चों को 'सोनू के लड्डू' कहानी याद दिलाएँ और बच्चों से सुनें कि कहानी में क्या हुआ था? क्या समस्या थी? समस्या कैसे हल हुई?
इसके बाद शिक्षक बच्चों से निम्न सवालों पर चर्चा करें–

- अगर सोनू की मम्मी/अम्मा/अम्मी घर में नहीं होती तो वो लड्डू का डिब्बा कैसे उतारता?
- कोई दो या तीन तरीके जिन से सोनू लड्डू का डिब्बा उतारने में कामयाब हो सकता है?
- बच्चे अपनी समस्या का हल तर्क सहित बता पाएँ, इसके लिए उन्हें प्रोत्साहित करें।